NT>

Title: Need to prepare a Comprehensive Crop Insurance Scheme for the benefit of farmers.

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) : महोदय, हमारे देश का किसान प्राकृतिक विपत्तियों से परेशान रहता है। कभी सूखा, कभी बाढ़, कभी ओला, कभी पाला किसानों की फसलों को नट कर जाता है और किसान कर्ज का बोझ जीवन भर ढोता रहता है। प्राकृतिक विपत्ति में राहत देने हेतु भारत सरकार ने फसल बीमा योजना लागू की है। इस योजना में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। इसके स्थान पर एक उपयुक्त और ऐसी व्यापक फसल बीमा योजना, जिसमें प्रीमियम में रियायतें दी गई हों, जो सम्पूर्ण देश में लागू हो और जिसमें सभी प्रकार की फसलों को शामिल किया गया हो, तैयार करे और उसमें ऐसे किसानों, जिनकी फसलें भारी वर्ा, बाढ़ अथवा सूखे या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण बार-बार नट हो जाती हैं, की दशा सुधारने के लिए प्रतिकर का निर्धारण करते समय गांव को इकाई माना जाये।

भारत सरकार ऐसी व्यवस्था करे, जिससे किसानों की दशा में सुधार हो सके।